आईआईएम और सीयू करेंगे शोध लोगों को कैसे मिले क्वालिटी बिजली

सिटी रिपोर्टर | रांची

झारखंड विद्युत नियामक आयोग की स्टेट एडवाइजरी कमेटी की बैठक बुधवार को आयोग कार्यालय गोंदा, कांके रोड में हुई। जिसमें पिछली बैठक के कामकाज पर ऊर्जा विभाग द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। बिजली वितरण निगम ने प्रजेंटेशन दिखाया। विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों में कई तरह की खामियां सामने आईं। नियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद प्रसाद और सदस्य आरएन सिंह ने निगम की आधी-अधूरी तैयारियों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रबंध संस्थान और केंद्रीय विश्वविद्यालय इस बात को लेकर शोध करें कि राज्य के लोगों को क्वालिटी बिजली किस तरह दी जाए। झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने बैठक में ही दोनों शैक्षणिक संस्थाओं को इसका प्रस्ताव देने का आदेश दिया। बुधवार को गोंदा स्थित आयोग के कार्यालय में हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में राज्य सलाहकार समिति के सदस्य मौजूद थे।

Dainik Bhaskar, 27.02.2020, Pg. 02